तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 11 जनवरी 2024

[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका ]



11 सीआरपीएफ बटालियन ने ग्रामीणों को बांटी सामाग्री





12 बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए घर की गतिविधियां बनेंगी सहायक




## खबर संक्षेप

### विधायक इंद्र साहू आज पटेवा के कार्यक्रम में होंगे शामिल

**नवापारा-राजिम।** ग्राम पटेवा में आ11 जनवरी को भव्य मेला मड़ई का आयोजन होने जा रहा है।



सरपंच प्रतिनिधि राजू पाल ने बताया कि धान कटाई एवं मिंजाई के पश्चात यह मेला मड़ई का आयोजन किया जा रहा है। रात्रिकालीन में मनोरंजन हेतु बालाराम के संगी जहुरिया छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी बिलईडबरी बलौदाबाजार वाले का कार्यक्रम रखा गया है। मड़ई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू होंगे। अध्यक्षता भेनमति-राजूपाल करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य खेमराज कोसले, उप सरपंच उलसी-ओमप्रकाश ध्रुव व नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा ,भाजपा नेता परदेसी राम साहू, आशुतोष भांडुलकर, डॉ. फूलजी साहू मौजूद रहेंगे। कल 12 जनवरी को पंचकोशी यात्रा पटेवा से प्रारंभ होगी।

### रसेला में पंचायत स्तरीय खेलकूद स्पर्धा आज से

**रसेला।** ग्राम पंचायत में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय पंचायत स्तरीय खेलकूद का आयोजन 11और 12 जनवरी को किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ आज 11 जनवरी को सुबह 10 बजे प्रभातफेरी निकाल कर किया जाएगा। मुख्य अतिथि सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, विशेष अतिथि उप-सरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, डी आर यादव, धनेश्वर दास, देवकी मरकाम सहित ग्राम के प्रमुख द्वारा पूजा अर्चना कर किया जाएगा। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला रसेला, टेप्पापारा, लादनपारा, कारीमाटी, बेल्हडीही, माध्यमिक शाला और हाईस्कूल के छात्र- छात्राएं भाग लेंगे। खेल में लम्बी दौड़, कुर्सी दौड़, रस्सी, टेटगी दौड़, लम्बी कूद, ऊंची कूद, रस्सा खींच, रेलेरेस, खो खो, कबड्डी सहित अन्य खेलकूद का आयोजन किया जाएगा।

### मेघनाथ बने तौलैया हमाल संघ के अध्यक्ष



**नवापारा-राजिम।** कृषि ऊपज मंडी नवापारा में कद्दावर मजदूर नेता मेघनाथ साहू तौलैया हमाल संघ के अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। उपाध्यक्ष भागवत साहू,महामंत्री रामप्रसाद साहू,कोषाध्यक्ष मोतीलाल साहू व सदस्य छन्नु साहू,कामता साहू,इश्वर साहू एवं अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन हुआ है।

### यादव पारा गरियाबंद में स्वास्थ्य शिविर कल

**गरियाबंद।** विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 12 जनवरी को यादव पारा वार्ड क्रमांक 12 गरियाबंद में किया जायेगा। शिविर में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी शिविर में मौजूद होकर लोगों की स्वास्थ्य जांच करेंगे। शिविर में दवाई वितरण के लिए फार्मासिस्ट भी मौजूद रहेंगे। शिविर में औषधालय सेवक एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की भी ड्यूटी लगाई गई है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. निकिता ध्रुव ने अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर स्वास्थ्य जांच कराने एवं जरूरी स्वास्थ्य सलाह प्राप्त करने की अपील की है।

### गौठान के पास शराब बेच रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री कर रहे राकेश नेताम पिता राजाराम नेताम (40 साल) ग्राम आंवराडबरी को गौठान के पास से गिरफ्तार किया है, उसके पास से अवैध रूप से रखे 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए को बरामद कर धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया है।

---

**कार्रवाई: ग्राम टांगरान में 50 हजार वृक्षों की कटाई कर बसाया गया था गांव**

# उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल में कब्जा कर बनाए गए 28 मकानों पर चलाया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में ओडिशा प्रदेश के लोगों द्वारा लगभग 50 हजार हरे भरे वृक्षों की अवैध कटाई कर अवैध रूप से बसाए गए ग्राम टांगरान के सभी 28 मकानों पर बुधवार को वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया। कार्रवाई में लगभग 300 अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। सुबह 9 बजे से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हुई। शाम 5 बजे तक 28 मकानों के उपर बुलडोजर चलाकर मकानों को मैदान में तब्दील कर दिया गया। वन विभाग द्वारा दो मकानों को छोड़ दिया गया है। इन मकानों का कब्जा काफी पुराना और पट्टाधारी बताया जा रहा है।

■ वन विभाग के 300 अधिकारी-कर्मचारी रहे स्थल पर मौजूद

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 35 किमी दूर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के बफर जोन एरिया वन परिक्षेत्र तौरेंगा अंतर्गत मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम कोकड़ी अंतर्गत घने जंगल में ओड़िशा के लोगो द्वारा अवैध रूप से हजारों पेड़ों की कटाई कर पक्का मकान बना लिया गया था। इन ग्रामों में सौर उर्जा प्लेट सुविधा के साथ हैंडपंप व अन्य मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध करवा ली गई थी। बेदखल करने के लिए ग्रामीणों को पूर्व में ही नोटिस दिया गया था। वन विभाग के अनुसार टांगरान अतिक्रमण बस्ती जो तय उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के 70 हेक्टेयर सघन वन क्षेत्र को काट करके बसाई गयी थी को हटाया गया। कार्रवाई में करीब 40 महिला वन रक्षक वन प्रबंधन समिति की महिलाये समेत 250 स्टाफ का योगदान रहा। 150 किलोमीटर दूर महासमुंद, कांकेर, केशकाल एवं धमतरी जिले से महिला फारेस्ट गार्ड आईं थीं। महासमुंद की 1 महिला वन रक्षक श्रीमती रूपा चतुर्वेदी अपनी 8 माह की दूधमुंही बच्ची के साथ अपनी ड्यूटी निभाने आई। पिछली बार इचरादी अतिक्रमित बस्ती पर कार्रवाई के समय वन अमले पर जानलेवा हमले हुए थे 30 अतिक्रमणकारियों की अवैध कब्जे की भूमि को समतल किया गया। कुछ हिस्से डी– ग्रेडेड फारेस्ट पेड़ काटने के बाद बंजर पड़ी भूमि में कंटूर ट्रेंच बनाये गए ताकि बारिश का पानी से भू –जल रिचार्ज हो सके। और जला दिये गए ठूठ में से कोपल निकल सके।

अतिक्रमणकारियों द्वारा पिछले 10 वर्षों में लगभग 70 हेक्टेयर वन भूमि को काटकर नुकसान पहुंचाया। जिसमें अब केवल कुछ ही वृक्ष बचे हैं। इसरो कि वर्ष 2010–2012 की इमेजरी से पता चला कि उस समय यह क्षेत्र सघन वन था। अतिक्रमणकारियों द्वारा लगभग कई हजार वृक्षों को कटाई के बाद उनके ठूंठ को जला दिया गया ताकि देखने में भूमि बंजर दिखे। अतिक्रमणकारियों को वन विभाग द्वारा 2 बार कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जिसके विरुद्ध उनके द्वारा उच्च न्यायालय में 2 बार याचिका लगाई थी। कोर्ट ने नियम अनुसार कार्रवाई करने कहा था। जुलाई में हाई कोर्ट के फैसले के बाद अगस्त 2023 में अतिक्रमणकारियों ने उप सचिव वन विभाग में बेदखली आदेश के विरुद्ध अपील की थी। उप सचिव द्वारा 2 बार सुनवाई ⏭ शेष पेज 10 पर









**अतिक्रमण हटाया गया: जैन**

उदंती सीतानादी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया आज टाईगर रिजर्व जंगल में टांगरान गांव से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। इसके पूर्व टाइगर रिजर्व क्षेत्र में अवैध रूप से बसाया ग्राम इचरादी ,सोरनामाल से भी अवैध अतिक्रमण हटाया जा चुका है।

**कार्रवाई में ये रहे शामिल**

कार्रवाई में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के सभी वन परिक्षेत्र अधिकारी, एसडीओ एवं वन कर्मचारी,कविता ठाकुर,रूपा चतुर्वेदी (अपनी 8 माह की बिटिया के साथ ),पुष्पा नेताम ,डिलेश्वरी कँवर,श्रीमती शालिनी धुरव , श्रीमती फूलबाती कड़ोपी, श्रीमती फुलेश्वरी नेताम ,कु.निरूपा सलाम ,सुरेखा नेताम ,कु.मेघा यादव, शिवा शुक्ला,.कुमारी सिन्हा, जमुना कँवर,अनीता धुरव ,,लता जगत, जानकी बाई , यज्ञमालती ,प्रेम बाई यादव ,,आसमती नागे,कुंती नागेश आदि मौजूद थे।

## देवभोग तहसीलदार गेंदलाल को नोटिस

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने देवभोग के तहसीलदार गेंदलाल साहू को 9 जनवरी की रात्रि बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय से बाहर रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। तहसीलदार को अपना स्पष्टीकरण 3 दिवस के भीतर कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। निर्धारित समय-सीमा में संतोषप्रद जवाब प्राप्त नहीं होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में आगामी छठवां विधानसभा का द्वितीय सत्र शुरू होने वाला है, इस दौरान जिले में कार्यरत सभी अधिकारियों - कर्मचारियों का अवकाश व मुख्यालय से बाहर प्रस्थान करना तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है। वाहन चालक संघ द्वारा हड़ताल के संबंध में कल देवभोग में कानून ⏭ शेष पेज 10 पर

■ बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर रहने का मामला

## राजिम माता जयंती में शुक्ल को बनाना था अतिथि

**राजिम।** साहू समाज द्वारा 7 जनवरी को राजिम भक्तिन माता जयंती काफी धूमधाम से मनाया गया। समारोह में सीएम विष्णुदेव साय,पूर्व सीएम भूपेश बघेल,महासमुंद क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू तथा राजिम विधायक रोहित साहू सहित साहू समाज के कई विधायक अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में राजिम के पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल को अतिथि नहीं बनाए जाने से उनके समर्थक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि श्री शुक्ल को भी अतिथि बनाया जाना था। विज्ञप्ति में रूपेश साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर, भवानी शंकर साहू अध्यक्ष नगर साहू संघ राजिम, भीमसेन साहू अध्यक्ष बेलटुकरी,जगदीश साहू अध्यक्ष कौंदकेरा परिक्षेत्र, नारायण साहू संरक्षक, जोहनू राम साहू संरक्षक,रामनारायण साहू सलाहकार, टिकेश साहू पूर्व उपाध्यक्ष, रायपुर संभाग युवा प्रकोष्ठ कुलेश्वर साहू, योगेश साहू प्रदेश सचिव युवा प्रकोष्ठ,सुंदर साहू सरपंच सेम्हरतरा, रामानंद साहू ,सिजम साहू रामकुमार साहू, गणेश राम साहू का नाम शामिल है। कांग्रेस नेता रामगुलाल ⏭ शेष पेज 10 पर

## विस अध्यक्ष को पूर्व नपा अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



नवापारा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष व आर्थिक प्रकोष्ठ भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण के संयोजक विजय गोयल ने रेलयार्ड निर्माण के चलते प्रभावित हो रहे इंदिरा मार्केट निवासियों के व्यवस्थापन हेतु मदद के लिए आगे आए हैं। जानकारी के मुताबिक वे मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए व्यवस्थापन को लेकर पूर्व सीएम, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा है।

■ रेलवे की भूमि से हटाने के पहले परिवारों का व्यवस्थापन करने की मांग

ज्ञापन में उन्होंने सभी प्रभावित लोगो की ओर से आग्रह किया है कि छत्तीसगढ़ में रायपुर जिले के अतंर्गत राजिम रेलयार्ड का निर्माण कार्य प्रगति पर है। निश्चित तौर पर उक्त कार्य जनहित में मील का पत्थर साबित होगा। श्री गोयल ने इसके लिए केंद्र सरकार को सादर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि नगर के वार्ड क्रमांक 5 इंदिरा मार्केट में लगभग 300-350 परिवार वर्षों से निवासरत है, जो कि रेलयार्ड निर्माण क्षेत्र के रेलवे के रिक्त भूमि में निवासरत है। रेलवे यार्ड के निर्माण की वजह से उन्हें बेदखल करने की सूचना रेल प्रशासन द्वारा प्राप्त हो चुकी है, वे लोग बिना शर्त के सहर्ष भूमि को खाली करने के लिए तैयार भी है।

श्री गोयल ने कहा कि उक्त स्थल पर लगभग 350 परिवार अत्यंत ही गरीब मजदूर तबके के लोग है, उन्हें मानवता के दृष्टिकोण से व्यवस्थापन करने हेतु छत्तीसगढ़ सरकार के प्रमुख सचिव से पत्राचार कर आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आग्रह किया है।

## सीएम विष्णुदेव साय द्वारा सम्मानित हुए विधायक साहू व भाजपा नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

अभनपुर विधानसभा के चुनाव में कुल 240 बूथों में से भाजपा मंडल तामासिवनी, चम्पारण के ग्राम टीला बूथ क्र. 69 को सर्वाधिक लीड बूथ का चयन किया गया। जिससे मंडल के सभी कार्यकर्ता हर्षित एवं गौरवान्वित महसूस कर रहें हैं। भाजपा के जिला मंत्री परदेशी राम साहू ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इन्डोर स्टेडियम रायपुर में आयोजित संभाग स्तरीय कार्यकर्ताओं के अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवनिर्वाचित विधायक इन्द्रकुमार साहू, जिला मंत्री परदेशी राम साहू, नारायण यादव मंडल अध्यक्ष ,महामंत्री टीकाराम साहू तथा बूथ अध्यक्ष अरूण पटेल को शील्ड प्रदान कर पुष्प माला से सम्मानित कर जीत की बधाई दी। श्री साहू ने बताया कि उक्त मतदान केंद्र में भाजपा को मिली लीड को पूरे विधानसभा में सर्वाधिक लीड घोषित किया गया।




## राजिम नगर पंचायत के सीएमओ दिल्ली में आज होंगे पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

दिल्ली में 11 जनवरी को आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के पुरस्कार के लिए नगर पंचायत राजिम के सीएमओ अशोक सलामे का चयन हुआ है। मालूम हो कि इस पुरस्कार के लिए राज्य के 46 नगर निगम,नगर पालिका,नगर पंचायत के सीएमओ का नाम सामने आया है जिसमें राजिम के सीएमओ श्री सलामे भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत पुरूस्कार वितरण समारोह भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर आईटीपीओ नई दिल्ली में आयोजित किया गया है। इस समारोह में राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मु से सीएमओ श्री सलामे भी पुरस्कृत होंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य एवं निकायों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

**दूसरी बार मिल रहा पुरस्कार**

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत राजिम के दूसरी बार के अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर के कार्यकाल में राजिम नगर पंचायत को पुरस्कार हासिल करने का यह दूसरा मौका है। सफाई के प्रति श्रीमती सोनकर सजग रहती हैं। हमेशा स्वच्छता अभियान चलाने के लिए जागरुकता पैदा करती है। राजिम को छत्तीसगढ़ का प्रयागराज कहा जाता है।

## अवैध शराब बरामद, एक आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ पाण्डुका



पुलिस ने बाइक में अवैध परिवहन करने पर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 80 नग देसी मसाला शराब बरामद की गई। शराब ले जाने वाले वाहन को भी जब्ति कर लिया गया है।

■ परिवहन करने वाली बाइक भी की गई जब्त

पुलिस के अनुसार 9 जनवरी को रात्रि में सूचना मिली कि ग्राम कोपरा के भूपेंद्र बिंजेकर द्वारा अधिक मात्रा में अवैध रूप से देशी मदिरा मसाला बिक्री हेतु मोटर साइकिल से मगरलोड के तरफ से ग्राम कोपरा एनीकट की ओर परिवहन कर ला रहा है। पुलिस ने ग्राम कोपरा एनिकट के पास घेराबंदी कर पल्सर मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 10 ईपी -7078 के आने पर रोका। चेक करने पर आरोपी भूपेंद्र बिंझेकर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 10 ईपी 7078 की टंकी के ऊपर एक पीले रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर 80 नग देशी मदिरा मसाला शराब प्रत्येक में 180-180 एम एल भरा हुआ मिला। आरोपी द्वारा बिक्री करने के लिए परिवहन कर ले जाना बताने पर आरोपी के कब्जे 80 नग देशी मदिरा मसाला कीमती करीबन 8800 रुपए एवं बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया। आरोपी भूपेंद्र बिंजेकर उम्र 27 वर्ष निवासी कोपरा थाना पांडुका का कृत्य छत्तीसगढ़ आबकारी ⏭ शेष पेज 10 पर

**तौलाई में गड़बड़ी, नमी व समिति में अव्यवस्था पर कलेक्टर ने लगाई फटकार**

# नोडल, डीआरसीएस, समिति प्रबंधक, सुपरवाइजर को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में पदस्थापना के बाद कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी का निरीक्षण किया। धान खरीदी केन्द्र मरौदा में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों व किसानों से चर्चा कर सुविधाओं का भी मूल्यांकन किया। धान खरीदी केन्द्र में उन्होंने नमी मापक यंत्र से धान का नमी मापकर देखा, साथ ही धान की बोरियों में भी हाथ लगाकर नमी आदि की जांच की, साथ ही अपने सामने ही धान तौलाई का अवलोकन किया। कलेक्टर ने मौके पर तौलाई में गड़बड़ी, धान में नमी एवं समिति में सुचारू व्यवस्था नहीं होने पर मौके पर अधिकारी-कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सहित समिति प्रबंधक, एवं सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसानों से धान खरीदी पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, कार्रवाई होगी। किसानों को किसी भी परेशानी न हो, यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर अविनाश भोई, जिला खाद्य अधिकारी सुधीरचन्द्र गुरु, डीएमओ अमित चन्द्राकर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

■ कलेक्टर ने मरौदा के धान खरीदी केन्द्र में पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने गरियाबंद तहसील के ग्राम मरोदा के धान उपार्जन केंद्र पहुंचकर खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में धान आवक रजिस्टर पंजी, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, ⏭ शेष पेज 10 पर





**दोबारा तौल में सही वजन नहीं, जताई नाराजगी**

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने धान खरीदी केन्द्र में स्वयं ही बोरो में रखे धान के नमी स्तर आर्द्रतामापी यंत्र से जांचा और भरे हुए धान बोरों के वजन दोबारा कराया। इस पर तौल में सही वजन नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने समिति के कर्मचारियों को किसानों के धान निर्धारित मात्रा में तौलने के निर्देश देते हुए कहा कि धान तौलने, भरने, स्टेकिंग करने में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रतिदिन धान खरीदी होने के उपरांत उसे सिलाई कर स्टेकिंग कराए। जहां कहीं अनियमितता है, उसे सुधारें।। उन्होंने संबंधित अधिकारी को स्टॉक वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिये। साथ ही जिले के धान खरीदी केन्द्र में कार्य करने वाले कर्मचारियों, मजदूरों के लिए परिचय पत्र बनाने कहा।


**पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### नाला के पास दो लोगों से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बलौदा पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे दो लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी चेतन बरिहा पिता बाबूलाल बरिहा (33 साल) ग्राम सुकड़ा को 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए को सिरबोड़ नाला के पास से गिरफ्तार किया वहीं सौदागर बरिहा पिता धेनु बरिहा (50 साल) ग्राम टेमरी को 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए के साथ टेमरी नाला के पास से गिरफ्तार कर धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### पैसे नहीं दिए तो युवक से मारपीट

**महासमुंद।** पैसे देने से मना करने वाले युवक के साथ चार लोगों ने मारपीट की। प्रार्थी संस्कार शर्मा पिता सुरेंद्र शर्मा (23 साल) ने सरायपाली थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि आरोपी मुकेश यादव, गट्टू खान, अक्कू खान और मेमन ने उससे पैसे की मांग की। लेकिन जब मैने पैसे देने से मना किया तो आरोपियों उसे गालियां देते हुए हाथ मुक्के, लाठी, डंडा और स्टील के पंच से मारपीट करते हुए सिर पर चोट पहुंचाया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 5056, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### कोर्ट परिसर से स्कूटी चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** कोर्ट कैंपस से स्कूटी चोरी करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी खिलेश्वर साहू पिता टोपराम साहू (25 वर्ष) ग्राम लाफिनखुर्द जिला महासमुंद 9 जनवरी को 11 बजे अपने घर से न्यायालय जाने के लिए स्कूटी क्र नं सीजी 06 जीडब्लू 3966 निकला था और करीब 11.30 बजे जिला न्यायालय महासमुंद पहुंचा। वहां सायकल स्टैंड पर अपनी स्कूटी को लॉक लगाकर न्यायालयीन कार्य के लिए न्यायालय चला गया। शाम करीब 5 बजे घर जाने के लिए कोर्ट से बाहर आया तो देखा कि सायकल स्टैंड से उसकी गाड़ी गायब थी। आसपास खोजबीन और पूछताछ करने पर गाड़ी नहीं मिलने पर उसने थाना सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कराया। पुलिस अधीक्षक महासमुंद ने घटना को संज्ञान में लेते हुये चोरी हुए मोटर सायकल एवं आरोपी की पतासाजी हेतु निर्देशित किया गया। जिसपर सायबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली महासमुंद की टीम चोरी हुई स्कूटी की पता तलाश कर रही थी। इसी बीच मुखबीर से सूचना मिली कि उक्त चोरी की स्कूटी में तीन लड़के संदिग्ध हालत में घूम रहे है। सायबर सेल टीम द्वारा मुखबीर के निशानदेही पर ग्राम बेमचा मेनरोड के पास घेराबंदी कर चोरी की मोटर सायकल के साथ तीन लड़कों को पकड़ा । जिनसे पूछताछ करने पर अपना नाम रजत चंद्राकर पिता स्व. शत्रुहन चंद्राकर (28 वर्ष) निवासी परसदा थाना महासमुंद जिला महासमुंद, शिव उर्फ गुंडा पिता जगत राम ध्रुव (20 वर्ष) निवासी परसदा थाना व जिला महासमुंद, संजय पिता गणेशु बंजारे (19 वर्ष) निवासी परसदा थाना व जिला महासमुंद बताया। स्कूटी के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपियों ने न्यायालय परिसर सायकल स्टैड से एक साथ मिलकर चोरी करना बताया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 379 भादवि के तहत कार्रवाई की गई।

## आवास एवं शौचालय के लिए 400 लोगों ने किया आवेदन



**राजिम।** ग्राम बकली में सरपंच मुन्ना कुर्रे की मौजूदगी में आयोजित शिविर में आवास एवं शौचालय के लिए योजना के तहत 400 लोगों ने फार्म जमा किए। शिविर में धर्मेंद्र ध्रुव विकास साहू टीकम साहू सुनील साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# ईवीएम प्रदर्शन वैन को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट परिसर से ईवीएम प्रदर्शन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह वैन आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीन के साथ जिले के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रोत्साहित करेगी तथा ई.वी.एम. प्रदर्शन वैन के माध्यम से मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन की जानकारी जिले के सभी ग्राम पंचायतों, मतदान केन्द्रों, हाट-बाजार, विद्यालय एवं महाविद्यालय में दी जाएगी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के बताया कि आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने तथा नये मतदाताओं का नाम जुड़वाने एवं मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाताओं को ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन तथा



मतदान केन्द्र में मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में भी ईव्हीएम प्रदर्शन केन्द्र की स्थापना की गई है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्र में मतदाताओं को वोटिंग मशीन का बटन दबाकर वोट डालने का प्रयोग कराया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर भोई, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## सड़क हादसाः तत्कालिक सहायता के लिए तहसीलों को 23 लाख का आवंटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

सड़क दुर्घटना के प्रकरणों में मृतक के परिजनों तथा घायलों को तात्कालिक सहायता राशि का भुगतान करने के लिए जिले के तहसीलों को कुल 23 लाख 15 हजार रुपए का आबंटन प्रदान किया गया है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के अनुमोदन पश्चात अपर कलेक्टर द्वारा आबंटन की राशि जारी कर दी गई है। आबंटन की राशि 9 जनवरी को तहसीलों के अकाउंट में ट्रांसफर कर दिया गया है। तहसीलों को तात्कालिक सहायता राशि का आबंटन मिलने से दुर्घटना के प्रकरणों में घायल एवं मृतकों के परिजनों को सहायता राशि प्रदान की जाएगी। जिससे दुर्घटना से प्रभावित लोगों को आर्थिक राहत मिलेगी। तहसीलों को दुर्घटना प्रकरणों के तात्कालिक सहायता राशि आबंटन प्राप्त होने से भुगतान के लिए लंबित प्रकरणों का भी तेजी से निराकरण कर पीड़ितों को राहत दिलाई जाएगी।

अपर कलेक्टर श्री भोई ने बताया कि दुर्घटना से पीड़ितों को सहायता राशि प्रदान करने तहसील गरियाबंद को 4 लाख 75 हजार रुपए, देवभोग को 75 हजार रुपए, राजिम को 7 लाख 25 हजार रुपए, मैनपुर को 6 लाख 35 हजार रुपए एवं तहसील छुरा को 4 लाख 5 हजार रुपए का आबंटन प्रदान किया गया है। इस प्रकार इन तहसीलों को कुल 23 लाख 15 हजार रुपए का आबंटन दिया गया है। इससे इन तहसीलों के अंतर्गत दुर्घटना के प्रकरणों में प्रभावितों को तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

### कलेक्टर से अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन की मांग

# जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद को प्रदान किया जाए वित्तीय प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

गरियाबंद जिले के नवनियुक्त कलेक्टर दीपक अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर अधिकारी- कर्मचारी फेडरेशन के सदस्यों ने जिला स्तर पर निराकरण योग्य समस्याओं को अवगत कराते हुए जल्द निराकरण की मांग की।

संगठन के सदस्यों ने कलेक्टर गरियाबंद को पांच बिंदुओं में ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया की विगत 5 वर्षों से जिला स्तरीय परामर्श दात्रि समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित नहीं किया गया है जिससे मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों में रोष व्याप्त है, छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में कर्मचारी सदन निर्मित है उसी की तर्ज पर गरियाबंद जिले में भी कर्मचारी सदन निर्माण हेतु जमीन आवंटित करने की मांग की गई। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद को तत्काल वित्तीय प्रभार सौंपने



लाइवलीहुड कॉलेज में कार्य भृत्य आशीष देवांशी का वेतन आहरण करने एवं वर्षों से निलंबित लिपिक संतोष कोमर्रा एवं इदरीश खान को बहाल करने की मांग प्रमुखता से रखा गया। ज्ञापन सौंप जाने के समय प्रमुख रूप से डॉक्टर राजपत्रित अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर आर.के. तलवरे तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष एम आर खान मनोज खरे बसंत त्रिवेदी पन्नालाल देवबंशी बसंत मिश्रा तेजस शर्मा लखनलाल साहू संजय सिंह अनूप महादिक चंद्रहास श्रीवास सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खेत से पंप केबल, पेनल बोर्ड की चोरी से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

- प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

ग्राम सेंदर के खेत में लगे पंप ,उसका पाइप, केबल को छीलकर अंदर की तांबा ,स्टार्टर पेनल बोर्ड को चोरों ने रविवार रात को पार कर दी। कहीं कहीं टेक्ट्रर में लगे कृषि उपकरणों की चोरी हो रहा है। किसान के रबी फसल को आगे काम बढ़ाने से सबसे पहले पानी चाहिए होता है। चोरी होने से पिछड़ने के साथ अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अब पम्प सेट लगाया पड़ रहा है। किसानों में आक्रोश भड़क रहा है।

सेंदर के हेमू राम साहू, कुमार ध्रुव,भोग राम, ठाकुर राम , आश कुमार, सेवा राम,घांसी राम ,गैंस राम, तुलसी साहू किसान के खेत में रविवार को चोरी की घटना को लिखित शिकायत पुलिस थाना फिगेंश्वर को दिया गया है। उन्होंने कहा इससे पहले चार बार और चोरी हूआ है। पिछले बार महीने दिन के अन्दर केबल की तांबा चोरी को रंगे हाथ पकड़ कर थानेदार को सुपुर्द



किया था। उस पर भी उचित कार्रवाई नही होने से उनका हौसला बुलंद हो रहा है। इधर किसानों में असंतोष व्याप्त है। चोरी की वारदात पर प्रशासन हसताक्षेप करे। किसानों ने कहा है कि नहीं तो आंदोलन करने मजबूर होंगे।

## साल के पहले प्रदोष व्रत में शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, व्रत के दिन भगवान शिव की उपासना करने से व्यक्ति को बल, बुद्धि, विद्या और धन की प्राप्ति होती है। साथ ही जीवन में आ रही सभी प्रकार की समस्याएं दूर हो जाती हैं। वैदिक पंचांग के अनुसार, वर्ष 2024 का पहला प्रदोष व्रत 9 जनवरी, मंगलवार के दिन रखा गया।

इस विशेष दिन पर पूजा-पाठ के साथ-साथ स्नान दान का भी विशेष महत्व होने के कारण जिले भर के शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा साथ ही विशेष पूजा-अर्चना भी हुई।

बता दें कि मंगलवार का दिन होने के कारण इस व्रत को भौम प्रदोष व्रत के नाम से जाना जाएगा। वैदिक पंचांग के अनुसार, कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 8 जनवरी मध्य



रात्रि 11:58 से शुरू होने के साथ और 9 जनवरी रात्रि 10:24 पर समाप्त हो जाएगी। ऐसे में प्रदोष व्रत का पालन 9 जनवरी 2024, मंगलवार के दिन किया जाना था जिसके चलते इस विशेष दिन पर पूजा मुहूर्त शाम 05:41 से रात्रि 08:24 तक रहा।

## शराब की अवैध बिक्री पर सराईपाली पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शराब की अवैध बिक्री के मामले में सरायपाली पुलिस ने एक व्यक्ति पर कार्रवाई की है। ग्राम बुधुडोंगर में एक व्यक्ति अपने घर की बाड़ी में अवैध रूप से महुआ शराब रखकर बिक्री के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा था। सूचना पर सरायपाली पुलिस बताए स्थान पर पहुंची। जहां पर एक व्यक्ति एक प्लास्टिक बोरी में महुआ शराब के साथ मिला, उसने अपना नाम राजेंद्र सिदार पिता कलपराम सिदार (44) निवासी बुधुडोंगर थाना सरायपाली का रहने वाला बताया और अपने पास रखे एक प्लास्टिक बोरी के अंदर 20 लीटर देशी महुआ शराब का होना बताया। इस पर आरोपी के कब्जे से 20 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# नवापारा में प्रभातफेरी, अक्षत कलश के चांवल से दिया जा रहा निमंत्रण



**नवापारा-राजिम।** राम भक्तों को 22 जनवरी का बेसब्री से इंतजार है। अयोध्या के नवनिर्मित मंदिर में श्री रामलला का प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से होने जा रहा है। जिसकी तैयारी में पूरे भारत के राम भक्त लगे हुए है। दी गई जानकारी के मुताबिक शहर के वार्ड क्रमांक 10 में यहां के निवासियों द्वारा सुबह 5 बजे से श्री राम नाम जपते हुए प्रभात फेरी लगातार निकाली जा रही है। प्रभात फेरी में महिलाओं के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे है। ठाकुर राम साहू ने बताया कि ये प्रभात फेरी 22 जनवरी तक निकाली जाएगी। प्रभात फेरी में ईश्वरी,मोंगरा,इंद्राणी,पुष्पलता,साधन । सौरज सहित 32 राम भक्त शामिल रहते है। इसी तरह सोहेन्द्र साहू ने बताया कि 22 जनवरी को गोंड़ पारा में स्थित संतोषी मंदिर में भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में रामायण और रामधुनी का आयोजन किया जाएगा। अयोध्या से आए अक्षत कलश का चावल देकर निमंत्रण दिया जा रहा है।

## कार से 20 लाख का गांजा जब्त, महिला व नाबालिग समेत चार पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बसना पुलिस ने ओडिशा की ओर से गांजा परिवहन करने वालों पर कार्रवाई करते हुए 20 लाख रुपए का गांजा जब्त किया है। मामले में एक महिला व नाबालिग समेत 4 लोगों पर कार्रवाई की गई है। बसना पुलिस ने बताया कि पलसापाली बेरियर की ओर पेट्रोलिंग के लिए रवानगी के दौरान आई 20 कार क्रमांक सीजी 04 एमएन 1416 का चालक वाहन को मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। भागने का कारण पूछने पर अपने कार के पीछे डिक्की में गांजा होना बताया। पूछताछ के दौरान कार में बैठे लोगों ने अपने नाम तेजस्वी माने पिता प्रवीण माने (23 साल) निवासी वार्ड नंबर 17 गुढियारी थाना गढियारी जिला रायपुर, नरेश सुमन पिता हेमराज सुमन (27 साल) निवासी वार्ड नंबर 35 नीलकंठ कालोनी अनता, थाना अनता जिला बारन (राजस्थान), उमा सुमन पति नरेश सुमन (27 साल) निवासी वार्ड नंबर 35 नीलकंठ कालोनी अनता, थाना अनता जिला बारन (राजस्थान) बताए। इनमें विधि से संघर्षरत बालक भी था। आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 40 किलो 200 ग्राम गांजा कीमत 20,00,000 रुपए (बीस लाख रुपए), घटना में प्रयुक्त कार कीमत 7,00,000 रुपये, चार नग अलग अलग कंपनी का टच स्क्रीन मोबाईल कीमत 61,000 रुपए, नगदी रकम 500 रुपए बरामद किए गए। आरोपियों के विरूद्ध अपराध/धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपियों को ज्यूडिशियल रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

# ओडिशा से कबाड़ का परिवहन, 11 लाख से ज्यादा का सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कबाड़ का अवैध परिवहन करने के मामले में बसना पुलिस ने दो लोगों पर कार्रवाई की है। इन लोगों के साथ से 11 लाख 30 हजार रुपए का कबाड़ जब्त किया गया है।

बसना पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि ओडिशा से बसना की ओर पीकअप वाहन क्रमांक ओडी 03 जी 1497 से अवैध रूप से कबाड़ सामान आ रहा है कि सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल परसकोल चौक के पास उक्त वाहन को घेराबंदी कर रोका। पूछताछ में वाहन चालक अपना नाम भेलसागर भोई पिता जगतराम भोई (32 साल) निवासी पंडामुंडा थाना पटनागढ जिला बलांगीर ओडिशा व ड्राइवर सीट के बाजू में बैठे व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अपना नाम श्रवण कुमार राम पिता गौरागो राम (23 साल) निवासी काधिडीप थाना नाकटीदौड जिला संबलपुर ओडिशा का होना बताया। इन लोगों ने वाहन में पुरानी इस्तेमाली बैटरी, पीतल का पुरानी इस्तेमाली बर्तन सामान व तांबा का स्क्रैप होना बताया। इन लोगों को उक्त वाहन में रखे सामान को रखने लाने जाने / परिवहन करने के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने धारा 91 जाफौ का नोटिस दिया, लेकिन किसी प्रकार के दस्तावेज नहीं होने की जानकारी लिखित में देने पर वाहन में रखे सामान को निकालकर तलाशी ली गई। जिसमें तांबा (स्क्रैप) 250 किग्रा कीमत 1,75,000 रुपए, पुराना बर्तन सामान पीतल का पुरानी इस्तेमाली 297 किग्रा, कीमत 1.78,000 रुपए, 05 नग माइक्रोटेक कंपनी का इनवर्टर बैटरी पुरानी इस्तेमाली कीमत 15.000 रुपए 02 नग ल्यूमिनस कंपनी का इनवर्टर बैटरी पुरानी इस्तेमाली कीमत 6,000 रुपए, 06 नग एकसाइड कंपनी का इनवर्टर बैटरी पुरानी इस्तमाली कीमत 18,000 रु., 01 नग लिव फास्ट कंपनी का इनवर्टर बैटरी पुरानी इस्तेमाली कीमत 3,000 रुपए 01 नग वी गार्ड कंपनी का इनवर्टर बैटरी पुरानी इस्तेमाली कीमत 3,000 रुपए, 01 नग एक्साइड कंपनी का बैटरी पुरानी इस्तेमाली मिडियम साईज कीमत 2,000 रु., 01 नग लिव गार्ड कंपनी का बैटरी पुरानी इस्तेमाली मिडियम साईज कीमत 2,000 रु. 02 एक्साइड कंपनी का छोटा साईज बैटरी पुरानी इस्तेमाली कीमत 2,000 रुपए, 1,000 रुपए, 01 नग एसआई सोनिक कपनी का छोटा बैटरी पुरानी इस्तेमाली कीमत 1,000 रुपए, 01 नग पॉवर जोन बैटरी पुरानी इस्तेमाली मिडियम साईज कीमत 1,000 रुपए, 02 नग एमरॉन कंपनी बैटरी पुरानी इस्तेमाली मिडियम साईज कीमत 1,000 रुपए 01 नग सोलान्स कंपनी बैटरी पुरानी इस्तेमाली मीडियम साईज 1,000 रुपए 22 पैकेट प्लास्टिक बोरी में भरी करीबन 440 नग पुरानी इस्तेमाली छोटी बैटरी विभिन्न कंपनियों 22,000 रुपए, परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो वाहन कमांक ओडी 03 जी 1497 कीमत 7,00,000 रुपए कुल कुल कीमत 11,30,000 रुपए का सामान जब्त किया गया।



## पेज 9 के शेष

### उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व...

करने पश्चात वन विभाग द्वारा दिये गए इसरो इमेजरी के साक्ष्य को सही मानते हुए अपील 13 दिसंबर 2023 को ख़ारिज कर दी थी। अतिक्रमण हटाने के दौरान अतिक्रमणकारियों का समस्त घरेलू सामान सोलर पैनल,टीन शेड, बर्तन, झिल्ली, आदि को सम्बंधित पटवारी के समक्ष उन्हीं को सुपुर्द कर दिया गया। वनोपज की जब्ती की गई। शुरुआत में अतिक्रमणकारी उग्र हुए लेकिन विभाग द्वारा समझाइश देने पर शांत हुए। पूरी कार्रवाई संवेदनशील एवं शान्तिपूर्ण तरीके से हुई देवगुड़ी एवं अन्य धार्मिक संरचनाओं को सुरक्षित रखा गया। 13 आरोपी मुखियाओं को मौके से गिरफ्तार किया गया है, जिनको कल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

30 में से 23 अतिक्रमणकारी ओडिशा राज्य के थे और उनके वास्तविक घर नबरंगपुर में हैं। उनको समझाइश दी गई थी कि वे अपने अपने वास्तविक घरों में वापिस लौट जाएं। 2 अतिक्रमणकरियों के पास 4 हेक्टेयर के वन अधिकार पत्र थे। लेकिन वे उस क्षेत्र से बढ़ाकर अतिरिक्त रकबे में अतिक्रमण कर रहे थे, जिन पर भी कार्रवाई कि गयी उनकी वैध काबिज भूमि को सुरक्षित रखा गया।

### देवभोग तहसीलदार...

व्यवस्था की स्थिति निर्मित हुई किन्तु मुख्यालय में तहसीलदार श्री साहू उपस्थित नहीं थे। इसी प्रकार वर्तमान में राज्य शासन के द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन संबंधी कार्यों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। देवभोग ओड़शिा राज्य सीमावर्ती क्षेत्र है, जिससे धान उपार्जन केन्द्र में अवैध धान परिवहन की संभावना होती है। कार्यपालिक दण्डाधिकारी की सतत निगरानी में धान उपार्जन का कार्य क्रियान्वयन किया जाता है।

### राजिम माता जयंती में...

साहू ने स्पष्ट रूप से कहा कि श्री शुक्ल को अतिथि बनाया जाना था। विज्ञप्ति में ये भी बताया गया है कि श्री शुक्ल द्वारा अपने कार्यकाल में साहू समाज भवन के लिए कई जगह राशि दी गई है।

### नोडल, डीआरसीएस, समिति...

किसानों के ऋण पुस्तिका की जानकारी, आर्द्रतामापी यंत्र, पुराने, नये बारदाने, धान के परिवहन की जानकारी सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने आये किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि उन्हें धान बेचने की व्यवस्थाओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

### अवैध शराब...

अधिनियम का होने से आरोपी के विरुद्ध थाना पांडुका में अपराध क्रमांक 4/2024 धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत्त गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में प्रधान आरक्षक भूषण बांधे, आरक्षक भरतद्वाज देशलहरे, आरक्षक टार्जन साहू का कार्य सराहनीय रहा।

1. फोटो-10-01-PDK-01

## खबर संक्षेप

### बघेल के अंतिम संस्कार में शामिल हुए धनेंद्र



**नवापारा-राजिम।** पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में पूर्व विधायक धनेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### प्रदीप को पूर्व मंत्री साहू ने दी श्रद्धांजलि



**नवापारा-राजिम।** सीएसइबी में कार्यरत कर्मचारी प्रदीप सोनी के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू उनके निवास पहुंचे। परिवारजन से मिलकर ढाढस बंधाया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

### परीक्षा पे चर्चा में शामिल होने आनलाइन नामांकन कल तक

**गरियाबंद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी तनाव से दूर रखने हेतु सत्र 2023-24 हेतु लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का सप्तम चरण जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाना संभावित है। इसके अंतर्गत कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी, शिक्षक तथा अभिभावक इस कार्यक्रम में 5 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का उत्तर देकर अपना ऑनलाइन नामांकन करेंगे। नामांकन की अंतिम तिथि 12 जनवरी निर्धारित की गई है। परीक्षा पे चर्चा में रजिस्ट्रेशन अंतर्गत रजिस्ट्रेशन करने के लिए इनोवेट इंडिया के वेबसाइट पर जाना होगा। नोटिफिकेशन लिंक पर क्लिक कर परीक्षा पे चर्चा 2024 लिंक में जाकर अपना नाम, मोबाईल नम्बर, ई-मेल आदि की जानकारी अंकित करना होगा।
वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रधानमंत्री द्वारा लिखित पुस्तक एक्जाम वारियर व सामान्य ज्ञान पर आधारित होंगे। नामांकन के साथ-साथ विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक प्रधानमंत्री से अपने पूछे जाने वाले प्रश्न भी प्रेषित कर सकते है। चयनित प्रश्नों का उत्तर प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा पे चर्चा पर आयोजित जीवंत कार्यक्रम में दिया जाएगा। समस्त नामांकित प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रेषित किया जायेगा। समस्त जिलों के सभी विद्यालयों से शत-प्रतिशत नामांकन किया जाना है। सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों का शत प्रतिशत नामांकन करवाना है। विद्यार्थियों का नामांकन समूह में शिक्षकों द्वारा भी किया जा सकता है। नामांकन कार्य में व्यावसायिक शिक्षा के प्रशिक्षको एवं आईसीटी के डिजी मित्रों का सहयोग भी लिया जा सकता है। कोचिंग कक्षाओं के प्रतिभागियों का भी नामांकन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये है।

# हरिहर स्कूल में लइका मड़ई-आनंद मेला एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सेजेश हरिहर में दो दिवसीय शाला वार्षिक उत्सव लइका मड़ई-आनंद मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में सेजेस अंग्रेजी माध्यम के नन्हे-मुन्ने बच्चों व पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। विशेष रूप से कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कांतारा नृत्य देखकर दर्शक झूम उठे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद नगर पालिका परिषद नवापारा के अध्यक्ष धनराज मध्यानी ने इस रंगारंग कार्यक्रम की सराहना किया। इस अवसर पर प्राचार्य संध्या शर्मा ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं में प्रतिभा होती है। आवश्यकता है उन प्रतिभाओं को निखारने एवं तराशने की। सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने में व्याख्याता महेश कंसारी, भूमिका साहू, शिवशंकर चौहान, सौरभ शर्मा,ओंकार साहू, काजल चौबे, आरती शर्मा, रेणुका यादव, डाली साहू, प्रगति बरेट, अल्फिया बानो का महत्वपूर्ण भूमिका रहा। संचालन व्याख्याता शिखा यादव ,चंद्रकांत धनकर एवं हिमानी दास ने किया।

**छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति पर झूमे लोग, विद्यार्थियों में होती है प्रतिभा**




**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी,ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, लोकिन साहू, फागू राम,अर्जुन साहू, मेघनाथ साहू, हेमंत साहनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## वारदात: डंडे और कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर उतारा मौत के घाट

# जिगरी दोस्त निकले हत्यारे, पुरानी रंजिश को लेकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर/ मैनपुर

युवक के नाबालिगों दोस्तों ने पुरानी रंजिश को लेकर डंडे व कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार करके उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने नाबालिगों को पकड़ा लिया है।

गरियाबंद जिले से खौफनाक हत्या का मामला सामने आया है। एक युवक के दो जिगरी नाबालिग दोस्त थे, पर एक जमीन विवाद तो दूसरा लव ट्रायंगल के चलते खुन्नस रखता था। तीनों में शराब पीने के बाद विवाद हुआ और दोनों नाबालिगों ने मिलकर युवक को मौत के घाट उतार दिया। एक ने डंडे से सिर पर वार कर घायल किया तो दूसरे ने चेहरे पर कुल्हाड़ी से 20 से ज्यादा वार कर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार, देवभोग थाना क्षेत्र के पोड़ागुड़ा ग्राम में बीती रात 20 वर्षीय कैलाश यादव की बेलाट नाला के पास हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मर्ग कायम कर शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई। मामले की पड़ताल करते हुए पुलिस ने मृतक के दो नाबालिग दोस्तों को पकड़ा। जब नाबालिगों से पूछताछ किया तो दोनों ने अपने साथी की हत्या करना कबूल किया। पुलिस ने हत्या में उपयोग किए गए कुल्हाड़ी, डंडा और मृतक के मोबाइल को बेलाट नाला से बरामद किया है। थाना प्रभारी गौतम गावड़े ने बताया कि दोनों नाबालिगों को पकड़कर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। आगे की कारवाई जारी है।

- पुलिस ने नाबालिगों को पकड़कर रही कार्रवाई



**दोस्ती थी पर खुन्नस भी**

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि मंगलवार की शाम काम से लगभग 7 बजे मृतक कैलाश घर लौटा तो उसने हमेशा की तरह शराब पीने अपने दोनों नाबालिग दोस्तों को बुलाया। बेलाट नाले के पास खलिहान में तीनों ने शराब पीया। आरोपियों में से मृतक का एक चचेरा भाई था, मृतक के पिता जुगेश्वर और नाबालिग आरोपी के पिता के बीच पिछले 15 वर्षों से जमीन विवाद था। तीन दिन पहले भी सीमांकन को लेकर परिवार आपस में टकराया था। पीने के बाद जमीनी झगड़ा को लेकर कल रात मृतक और आरोपी में फिर ठन गई। विवाद बढ़ा तो आरोपी ने बांस के मोटे डंडे से सिर पर वार कर अधमरा किया। मृतक के दूसरे नाबालिग दोस्त भी प्रेम प्रसंग को लेकर अपने दोस्त से खुन्नस रखता था. 5 साल पुराना प्यार के चक्कर में नाबालिग प्रेमी भी कुल्हाड़ी से 20 से ज्यादा वार किया। आरोपी कुल्हाड़ी से वार तब तक करता रहा जब तक कैलाश की जान नहीं उखड़ गई।

## गैर इरादतन हत्या मामले के 5 आरोपी गिरफ्तार, ग्राम सेंदर का मामला

**छुईहा बेलर।** फिगेंश्वर थाना अंतर्गत ग्राम सेंदर ग्राम से पुलिस ने गैर इरादतन हत्या मामले के सभी पांचों आरोपियों को गांव में दबिश देकर 9 जनवरी को अपराध धारा सदर 304-ए,147,149 भादवि का घटित होना पाये जाने से केशलाल साहू , रोशन साहू, टेमन साहू, देवराज साहू एवं नोस साहू के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायाधीश के निर्देश पर आरोपी को जेल दाखिल कराया गया। मुख्य आरोपी केशलाल को उनके सीएमओ कार्यालय आरंग समोदा नगर पंचायत से गिरफ्त में लिया गया है।

एसडीओपी पुष्पेन्द्र नायक ने बताया कि मर्ग क्रमांक 71/2023 धारा 174 जाफौ0 की मर्ग डायरी जांच में लिया गया था। इस दौरान मर्ग जांच के दिनांक 13.11.2023 के करीबन 10.00 बजे मृतक नेम सिंग ध्रुव गौरा-गौरी देखने गया था। ग्राम सेंदर के बाजार चैक रंगमंच के उपर कुछ लोग ताश खेल रहे थे। केशलाल साहू भी वहां मौजूद था। नेमसिंग ध्रुव देखकर बोला कि भाई जीत रहे हो क्या कहने पर केशलाल साहू एवं अन्य व्यक्तियों के द्वारा नेमसिंग ध्रुव को गाली गलौज कर हाथ मुक्का, कोहनी से



मारपीट की। जिससे नेमसिंग ध्रुव का अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने से परिजन द्वारा शासकीय जिला अस्पताल महासमुंद इलाज हेतु ले गया, जहां डक्टर ने चेक करने पर मौत होना बताया। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली महासमुंद में बिना नम्बरी मर्ग कायम कर शव पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। मृतक नेमसिंग ध्रुव के शव का पीएम कराया गया। पी.एम. रिपोर्ट में डाक्टर द्वारा मृतक नेम सिंग ध्रुव का मृत्यु का कारण एफएसएल रायपुर से एचपीई रिपोर्ट आने तक डेथ को रिजर्व रखा गया है। पीआरआई परीक्षा आयोजित करने से पहले समय अवधि 12 घंटे के भीतर है लेख किए है तथा हिस्टोपैथोलाजी विभाग से रासायनिक परीक्षण कराने व्हीसरा प्रिजर्व किया गया। रासायनिक परीक्षण कराया गया, परीक्षण रिपोर्ट में मृतक नेमसिंग ध्रुव के मृत्यु का कारण हृदयगति रूकने से हो सकती है जो कोरोनरी धमनी की बिमारी के वजह से हुआ प्रतीत हो रहा है । मृतक नेमसिंग ध्रुव के परिजनों एवं गवाहों का कथन लिया गया है। जिन्होंने अपने-अपने कथन में लेख कराया है कि नेमसिंग ध्रुव उप स्वास्थ्य केन्द्र बुरजाबहाल में मलेरिया विभाग में एमपीडब्ल्यू के पद पर कार्यरत था। अचानक उत्पन्न हुए विवाद में आक्रोशित एवं उत्तेजीत होकर उतावलेपन से विवाद करते हुए केशलाल साहू , रोशन साहू, टेमन साहू, देवराज साहू एवं नोस साहू के द्वारा जाति सूचक गाली गलौज मार पीट किया था। डाक्टर द्वारा नेमसिंग ध्रुव को चेक करने पर उसकी मृत्यु हो जाना बताया है । इनमें पुरानी कोई रंजीश नहीं था।

**एक्सीडेंटल मृत्युः** पुलिस अधिकारी एसडीओपी पुष्पेन्द्र नायक ने कहा कि केश राम साहू अन्य आरोपियों पर कानूनी करने करने न्यायिक अभिरक्षा में भेज जा रहा है। परिजनों द्वारा इनके उपर हत्या का इल्ज़ाम लगाया जा रहा था। लड़ाई झगड़े के फलस्वरूप इनकी हत्या हुई है। एक्सीडेंटल मृत्यु होना पाया गया है।

# राजिम को बनाया जाए विष्णुधाम



**राजिम।** नवदीप जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने एक प्रतिनिधि मंडल के साथ प्रदेश के केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से भेंट कर राजिम नगर के विकास के लिए ज्ञापन सौंपा। श्री मिश्रा ने बताया कि वे इस ज्ञापन में राजिम का मास्टर प्लान तैयार कर राजीव लोचन कारीडोर, सभी प्राचीन मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, राम मंदिर को, राजीव लोचन कारीडोर से जोड़कर विष्णु लोक धाम बनाना हैं। इसके साथ ही राजिम मेला विकास प्राधिकरण का गठन ,राजिम के चारों तरफ गौरवपथ का निर्माण ,राजिम में सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड का निर्माण ,सार्वजनिक धर्मशाला का निर्माण ,राजिम के पुराने पुल को तोड़कर नया हाई टेक पुल का निर्माण के अलावा संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना शामिल हैं। प्रतिनिधि मंडल में श्री मिश्रा के साथ मोहन साहू, तरुण साहू,पूजा साहू , दिनेश, रमेश आदि शामिल थे।

### ध्रुव गोड़ समाज का थाना घेराव स्थगित



**छुईहा बेलर।** आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज 84 राज द्वारा 11 जनवरी को फिंगेश्वर थाना का घेराव, धरना प्रदर्शन का निर्धारण था। ध्रुव समाज प्रदेश व 84 राज अध्यक्ष पन्ना लाल ध्रुव ने कहा ग्राम सेंदर में गौरा गौरी विसर्जन के समय आदिवासी युवक नेमसिंह ध्रुव का स्थानीय निवासी सेंदर केशलाल साहू अन्य चार के द्वारा मारपीट से मृत्यु हो गया था। इस प्रकरण में पुलिस लम्बे अन्तराल में भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं कर पाई थी। इस लिहाज से 11 जनवरी को फिंगेश्वर थाना का घेराव कार्यक्रम रखा गया था। अब जबकि आरोपियों की 9 जनवरी को गिरफ्तारी हो गई है। इसलिए धरना, प्रदर्शन, घेराव स्थगित कर दिया गया है।

## स्वागत...



**राजिम।** राजिम विधायक रोहित साहू की मौजूदगी में नगर पंचायत की सभापति पुष्पा गोस्वामी ने सीएम विष्णुदेव साय का बुके भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया।

# सीआरपीएफ बटालियन ने ग्रामीणों को बांटी सामाग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

सीआरपीएफ थाना इंदागाँव में नक्सल विरोधी अभियान हेतु तैनात हैं। ई/211 बटालियन द्वारा नक्सल विरोधी अभियान के अलावा समय–समय पर जन कल्याण हेतु कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। सीआरपीएफ का मुख्य उद्देश्य आम जनता की सुरक्षा के साथ–साथ सहायता प्रदान करना भी है। जिससे कि जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजनों का विकास हो सके। जन कल्याण कार्यक्रम का आयोजन सुरक्षाबलों एवं ग्रामीणों के बीच बेहतर पुलिस–पब्लिक संबंध बनाने हेतु एक अहम कदम है ।

- 110 ग्रामीणों की जांच कर दवा का किया गया वितरण

ई/211 बटालियन सीआरपीएफ के संजीव रंजन कमांडेन्ट–211 बटालियन के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत इंदागाँव में सिविक एक्सन प्रोग्राम एवं मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें कोयलाभठ्ठी, उपरपारा, बाजारपारा, केन्दूमील, मुजीपारा एवं थानापारा के ग्रामीणों के मध्य जन कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत इन्दागॉव के आश्रित मोहल्ला के जरूरतमंद ग्रामीणों में कम्बल, कढ़ाई, चम्मच मच्छरदानी लुगी साड़ी के साथ–साथ मेडिकल कैम्प लगाकर 110 ग्रामीणों का बीपी, शुगर, सर्दी खांसी, बुखार एवं अन्य बिमारियों का उपचार, एवं उनको दवाइयों का वितरण किया गया।





**ये रहे उपस्थित :** आयोजन के अवसर पर संजीव रंजन कमाण्डेन्ट, डा. तपस्विनि चिकित्सा अधिकारी, सुनील कुमार सहायक कमांडेंट, थाना प्रभारी महेश कुमार साहू, केशरी सिह ध्रुव सरपंच, इंदागाँव पंचायत के पंच एवं अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों एवं ग्रामीणो के मध्य जलपान वितरण भी किया गया।

# सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक आनंद को समारोह में दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

पूर्व माध्यमिक शाला दुल्ला के प्रधानाध्यापक के रूप में सेवा दे रहे आनंद कुमार दास के सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार और संकुल स्तरीय संयुक्त रूप से भव्य समारोह आयोजित कर सह सम्मान विदाई दी गई।

- पूर्व माध्यमिक शाला दुल्ला में प्रधानाध्यापक के रूप में दे रहे थे सेवा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक आनंद कुमार दास, अध्यक्षता प्यारे लाल धृतलहरे प्राचार्य शा.मा.वि.दुल्ला , विशेष अतिथि के रूप में केशरी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि यशवंत ठाकुर सरपंच, दीपक चन्द्राकार जनपद सदस्य, भगवान सिंह ठाकुर शाला विकास समिति अध्यक्ष व शिक्षक मंच पर आसीन थे । शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समान समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक आनंद कुमार दास ने छात्र- छात्राओं को अपने जीवन काल में अच्छे कार्य करने की प्रेरित किया। शिक्षकीय कार्य के समय बिताएं हुए पल को सभी के साथ साझा किया। आप लोगों का प्यार स्नेह सहयोग जो मुझे मिला है, वह जीवनभर मिलता रहे। प्राचार्य प्यारे लाल धृतलहरे ने कहा कि बदलाव प्रकृति का नियम है। सरकारी सेवा में भी स्थानान्तरण और सेवानिवृत्त एक प्रक्रिया है। केशरी ध्रुव ने कहा कि उनके कार्यकाल में स्कूल का विकास हुआ है, जो सराहनीय है। सरपंच ने कहा कि आनंद कुमार दास जैसे योग्य एवं कर्मठ शिक्षक मिलना आज के समय में कठिन है। दीपक चन्द्राकार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि शिक्षक का सम्मान राष्ट्र का सम्मान होता है। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक श्री दास को शाला परिवार की ओर से श्रीफल,शाल ओढ़ाकर प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। श्री दास ने विद्यायल को अपने तरफ से स्मार्ट टीवी भेंट किए। संचालन कर रहे शिक्षक चंदुराम बघेल ने कहा कि दास सर हमारे प्रेरणा स्त्रोत थे। इस अवसर पर शिक्षक भूपेन्द्र कुमार सोनी, शिक्षिका वसुंधरा साहू, हाईस्कूल के समस्त स्टाफ शाला विकास समिति के सदस्य, महिला स्व सहायता समूह सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल

उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR,THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### बोरसी में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**फिंगेश्वर।** ग्राम बोरसी में 10 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती पुष्पा जगन्नाथ साहू अध्यक्ष जनपद फिंगेश्वर, अध्यक्षता श्रीमती तारिणी सिंह,विशेष अतिथि बोधन साहू उपाध्यक्ष साहू समाज राजिम भक्ति माता मंदिर समिति,सरपंच प्रतिनिधि हुकुम सिं,पंचगण हीरू साहू, घनश्याम निषाद, गायत्री साहू ,रामशिला कवर, घसनीन साहू,ग्राम के प्रमुख भारत साहू,चमन साहू,बलराम साहू, नटवर निर्मलकर, घासी पटेल,विशंभर पटेल,नारायण सिंनहा आदि लोगों की उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम में अलग-अलग 32 विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा समस्याओं का निराकरण किया गया। उक्त कार्य एवं बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में बिहान योजना के एवं कमांडो ग्रुप की महिलाएं पंचायत सचिव चेतन साहू,ऑपरेटर ईश्वर सिंह रोजगार सहायक कुंती साहू ,प्रचार्य हाई स्कूल बोरसी पवार आदि उपस्थित रहे। समस्याओं का निराकरण विभागवार किया गया। उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। बच्चों द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम पेश किया गया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर, दोपहर 2 बजे समाप्त हुआ।

### बाइक चोरी के तीन मामले



**महासमुंद।** महासमुंद में बाइक चोरों के हौसले बुलंद है। बीती रात अलग-अलग जगहों से तीन लोगों की बाइक की चोरी की घटना को अज्ञात चोर द्वारा अंजाम दिया। मोहम्मद असगर पिता अब्दुल छन्नु (40 साल) ग्राम सिनोधा थाना पटेवा की बाइक क्र सीजी-04 सीएस-3758 कीमत 10000 रुपए को रेलवे स्टेशन के सामने से, पंकज कुमार चंद्राकर पिता स्व. मनोहर चंद्राकर (32 साल) खरोरा की एक्टिवा सीजी 06 डी 1686 कीमत 30000 रुपए को चंद्राकर राईस मिल के पास एवं खिलेश्वर साहू पिता टोपराम साहू (24 साल) लाफिन खुर्द के स्कूटी क्र सीजी 06 जीडब्लू 3966 कीमत 60000 रुपए को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर से अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### दो गुटों में मारपीट काउंटर केस दर्ज

**महासमुंद।** महासमुंद पुलिस ने पुरानी रंजिश एवं बाइक को आग लगाने के बात को लेकर दो युवकों में मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज किया है। पहले रिपोर्ट के अनुसार बंशी सोनवानी पिता राजेश सोनवानी (18 साल) मौहारीभांठा ने डिगेश साहू से पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुये लोहे के धारदार हथियार से कूल्हे में मारकर चोट पहुंचाया। वहीं दूसरी ओर डिगेश साहू पिता मेघलाल साहू 25 साल ने रिपोर्ट लिखाई कि बंशी सोनवानी ने उसकी बाइक को आग लगा दिया। पुलिस ने पहले मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323 और दूसरे मामले में धारा 435, 427 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# राज्य की भाजपा सरकार ने किसान, महिलाओं के साथ किया धोखाः कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

## कैबिनेट की घोषणानुरुप योजनाएं लागू नहीं होने से आमजन निराश

कांग्रेस कमेटी बेलर जोन, सेक्टर के कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार की साय कैबिनेट में धान की कीमत 3100 रुपए प्रति क्विंटल, 500 रुपए में गैस सिलेंडर और महिलाओं को 1000 रुपए महीना देने पर निर्णय नहीं होना किसान, महिलाओं व गृहणियों के साथ धोखा है।

आम जनता साय सरकार की कैबिनेट बैठक से मोदी की गारंटी का इंतजार कर रही थी, उसे निराशा लगी है। जिला कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष बेलर जोन अध्यक्ष सुघरमल आडे, सेक्टर अध्यक्ष नेतराम सिन्हा, शेखर साहू, कांग्रेस महामंत्री रोहित साहू,अशोक निर्मलकर,हरख निर्मलकर,दौलत यादव, रेवा साहू,परदेशी राम निषाद,चेतन सिन्हा,टिकम सिन्हा,शेषनरायण गुप्ता, तुलेश्वर घृतलहरे,दुर्गा प्रसाद सिन्हा ,डोंगर मरकाम ने कहा है कि साय की मंत्रिमंडल की बैठक से प्रदेश की जनता मोदी की गारंटी को लागू होने की उम्मीद कर रही थी।

प्रदेश में अभी धान खरीदी चल रहा है और किसान धान की कीमत 3100 रुपए प्रति क्विंटल एक मुश्त पंचायत भवन में मिलने का इंतजार कर रहे हैं। किसान 2 लाख रुपए तक कर्ज माफ होने, न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि जारी होने, महतारी वंदन योजना की 60 लाख फॉर्म भर चुकी महिलाएं 1000 रुपए महीना एवं प्रदेश के 73 लाख से अधिक परिवार 500 रुपए में रसोई गैस के सिलेंडर मिलने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन उनके हाथ निराशा ही लगी।



**एक बार फिर वादाखिलाफी की**

भाजपा की सरकार ने आदतन प्रदेश की जनता के साथ एक बार फिर वादाखिलाफी की है। भाजपा की सरकार बनने के बाद आदिवासियों के भावनाओं के विपरित हसदेव में जंगलों की कटाई हो रही है, जिसका पूरे प्रदेश में विरोध हो रहा है।

## अंगना मां शिक्षा के क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए घर की गतिविधियां बनेंगी सहायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर





अंगना मां शिक्षा की सफल क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन बीआरसीसी भवन फिंगेश्वर के ट्रेनिंग हाल में किया गया।

प्रशिक्षण बीआरजी सुश्री धनेश्वरी सिन्हा और शशिकला भारद्वाज द्वारा दिया। विकासखंडस्तर के प्रत्येक संकुल से एक सक्रिय महिला शिक्षक तथा संकुल समन्वयक उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीआरसीसी टिकेंद्र यदु फिंगेश्वर विशेष अतिथि प्रथम संस्था से श्री निषाद उपस्थित थे। कार्यक्रम में यदु ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में फिंगेश्वर ने अपनी विशेष पहचान बनाई है, यहां स्वप्रेरित शिक्षिकाओं द्वारा अधिक से अधिक स्मार्ट माता को जोड़ा गया। ताकि वे घर पर बच्चों के साथ गतिविधि कर सर्वांगीण विकास में सहयोगी हो। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों का संपूर्ण विकास करना है वह भी माताओं के द्वारा। घर पर ही पारिवारिक वातावरण में आनंदमय माहौल में हो। प्रशिक्षण पर अंगना म शिक्षा के अब तक के सफर को विस्तार से बताया गया कि किस प्रकार से यह कार्यक्रम स्वप्रेरित महिला शिक्षिकाओं द्वारा शून्य निवेश पर शुरुआत किया गया और इसमें माताओं को जोड़कर उनकी क्षमता वृद्धि कर उनकी सहभागिता प्राप्त किया गया। तृतीय चरण तक स्मार्ट माता का चयन कर उनका गठन कर उन्हे टेलीग्राम से जोड़ना ताकि वे गतिविधियों को आदान प्रदान कर सकें। चतुर्थ चरण में जनवरी से मार्च माह तक बच्चों के माताओं के साथ गतिविधि कराई जानी है। जिसमें प्रत्येक माह एक एक गणित व भाषा की गतिविधि खेल खेल के माध्यम से होगी जिसमें अक्षरों को जोड़कर शब्द निर्माण, जोड़ने घटाने की संक्रिया,सम विषम की पहचान, करना बताया जाएगा। कार्यक्रम में सिर्फ कक्षा पहली व दूसरी के बच्चे व उनकी माताएं भाग लेंगी। 25 अप्रैल को पढ़ाई तिहार मनाया जाएगा जिसमें मेला का आयोजन कर नौ काउंटर बनाया जाएगा और इसमें आंगनबाड़ी,बालवाड़ी के बच्चों और माताओं को शामिल किया जाएगा। ताकि वे बच्चे आने वाले सत्र में शाला प्रवेश के पूर्व की जानकारी प्राप्त कर सकें। प्रशिक्षण में प्रथम फाउंडेशन के प्रभारी ने विस्तृत जानकारी दी। प्राथमिक शाला के एक महिला शिक्षक प्रशिक्षण लेंगी ताकि आने वाले माह में की जाने वाली गतिविधियों का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा सके। प्रशिक्षण में स्मार्ट माता श्रीमती रेणुका साहू ,बिमला साहू,भुनेश्वरी साहू सरोजनी मंडल के साथ ब्लॉक नोडल सुश्री धनेश्वरी सिन्हा ,श्रीमती शशिकला भारद्वाज और संकुल नोडल टीचर और सभी संकुल समन्वयक के द्वारा गतिविधि कराकर बताया गया। बीआरजी सुश्री धनेशरी सिन्हा ,श्री मति शशिकला भारद्वाज के द्वारा बाल केंद्रित शिक्षा पर अपने विचार एवं अपने शाला में किये जा रहे विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। इसी तर्क में भाषा शिक्षण और भाषा से जुड़ी हुई गतिविधियों, नई शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डाला गया। प्राथमिक शाला में शिक्षण पद्धति एवं गतिविधियों के बारे में शिक्षकों और संकुल समन्वयको को जानकारी दी गई कौशल सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना के साथ ही साथ विचार कौशल और समझ के साथ पढ़ना के बारे में अपने विचार रखे गए ।

■ सभी संकुल समन्वयक द्वारा गतिविधि कराकर बताया गया

### छुरा में अंगना में शिक्षा क्षमता विकास प्रशिक्षण



**छुरा।** अंगना में शिक्षा कार्यक्रम की क्रियान्वयन हेतु विभिन्न स्तरों पर शिक्षकों के लिए एक दिवसीय अंगना में शिक्षा क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ के एल मतावाले विकासखंड शिक्षाअधिकारी,महेश साहू विकासखंड स्त्रोत समन्वयक छुरा,रोशन पटेल टीम लीडर गरियाबंद सरल कार्यक्रम,मोहनी गोस्वामी डी आर जी, सोनिया ध्रुव बी आर जी के द्वारा मां शारदा के छायाचित्र पर पूजा कर राजकीय गीत के साथ प्रारंभ किया। इसके बाद आगामी 3 माह जनवरी, फरवरी, मार्च की कार्ययोजना के बारे में अवगत कराया गया। जिसके अंतर्गत माह जनवरी में शब्द भंडार कार्ड के माध्यम से सीखना, माह फरवरी में कुर्सी दौड़,माताओं का कार्यक्रम, मार्च माह आवाज निकालना, आवाज पहचाना कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी गई। सभी प्रशिक्षणार्थियों को अपने विद्यालय में किस प्रकार से माता को एकत्रित कर घर में बच्चों को पढ़ने हेतु प्रेरित कर सकते हैं। इस हेतु जानकारी दिया गया। दूसरे चरण में मास्टर ट्रेनर के द्वारा विभिन्न प्रकार के गतिविधियों वर्णमाला, गतिविधियां पूर्व तैयारी, खेल का नियम, गतिविधि से लाभ, पढ़ाई तिहार मेला का आयोजन, रिपोर्ट कार्ड भरना तथा नौ प्रकार के काउंटरों को भरना जिसमें सपोर्ट कार्ड वितरण संकलन पत्र भरना, संतुलन बनाकर चलना कूदना, पेपर फोल्डिंग, रंग पहचान करना, चित्र वचन करना, आकर पहचान गिरना, शारीरिक भाषा रंग भरे, सामाजिक भावनाओं का विकास आदि शामिल है। रबी आरसीसी महेश साहू ने कहा कि सभी अपने-अपने विद्यालय में अच्छी सी तरह से अंगना मां शिक्षा कार्यक्रम संचालित करेंगे। विभिन्न प्रकार के दिए गए निर्देश का पालन कर माताओं को प्रेरित करने को कहा गया।उपरोक्त प्रशिक्षण में बीईओ के एल मतावले, बीआरसीसी महेश साहू, मोहनी गोस्वामी,डी आर जी, सोनिया ध्रुव, रोशन पटेल,विनोद सिन्हा, संतोष साहू, यशवन्त सिन्हा,शंकर यदु ,योगेश साहू,जितेंद्र साहू,करणसिंह कमार,गौतम साहू,नोहेश्वरी ध्रुव,सहित समस्त संकुल समन्वयक प्रत्येक संकुल केंद्र से एक- एक शिक्षक उपस्थित हुए।

# शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी में मनाया गया विश्व हिंदी दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी में बुधवार को विश्व हिंदी मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के पूजा अर्चना कर प्रधान पाठक एवं सभी शिक्षकों द्वारा किया गया। संस्था के प्रधानपाठक भागचंद चतुर्वेदी द्वारा हिन्दीअपनी राष्ट्रभाषा ,हिन्दीअपनी शान है कविता के माध्यम से हिंदी भाषा के महत्व को बच्चों को बताया । हिंदी हमारे देश की राष्ट्रीय भाषा है हमें अपने घर पर हिन्दी भाषा का अधिक उपयोग कर बातचीत करना चाहिए। शिक्षक रेखराम निषाद द्वारा हिंदी भाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए व्यंजन एवं स्वर के उच्चारण को शुद्धता के साथ कैसे करे विस्तारपूर्वक समझाया गया। शिक्षक लालजी सिन्हा द्वारा विश्व हिन्दी दिवस के अवसर हमारे देश की राष्ट्र भाषा हिंदी के महत्व को अवगत कराते हुए वर्ण, अक्षर,शब्दों के सम्बंध में बहुत ही सारगर्भित जानकारी बच्चों को दी गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रदीप कुमार साहू द्वारा किया। विश्व हिंदी भाषा दिवस कार्यक्रम के पूर्व विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 4थी के छात्र टुकेश्वर यादव का जन्मदिन मनाकर कलम एवं पुष्प भेटकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में सभी बच्चों का जन्मदिन उनके जन्मदिन पर मनाया जाता है जिसका अच्छा परिणाम मिल रहा है। सभी बच्चों को अपना जन्मदिन दिन याद रहता है। कार्यक्रम में बाल केबिनेट के सदस्य रूपेंद्र साहू, रणवीर साहू दिव्या साहू, युस्मिति साहू, हर्षिता साहू, लुप्ताजंली गोस्वामी, कुणाल सेन, देवव्रत साहू, करण साहू सहित आज उपस्थित 94 बच्चों का सहभागिता रहा।

■ बच्चों को शुद्धता के साथ उच्चारण करना बताया गया

### अक्षत कलश यात्रा निकाल घर-घर लोगों को दिया आमंत्रण



**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** ग्राम पिपरहट्ठा में बुधवार को श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ अक्षत कलश यात्रा निकाली। इस यात्रा के दौरान घर-घर सम्पर्क किया गया। साथ ही प्रभु श्री राम के जयकारों के बीच घर-घर पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र देकर 22 जनवरी को घर में दीवाली मनाने का आग्रह किया गया।

# दीपक समाजसेवा व चित्रकला क्षेत्र में कार्य के लिए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम सिर्रीकला निवासी सामाजिक कार्यकर्ता ,पेंटर एवं कलाकार संघ के जिला अध्यक्ष दीपक राज को प्रदेश साहू संघ के तत्वाधान में आयोजित माता राजिम जयंती समारोह में समाज सेवा व चित्रकला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कलाकृति के लिए राजिम भक्तिन माता सम्मान से सम्मानित किया गया।

राजिम जयंती कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू,मोहन कुमारी,राजिम विधायक रोहित साहू सहित समाज के सभी वरिष्ठजनों की गरिमामय उपस्थिति में यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त होने पर समाज व अंचल में खुशी की लहर है।

■ माता राजिम जयंती समारोह हुआ सम्मान



## विस अध्यक्ष को समस्याओं की जानकारी दी गई

**छुरा।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं स्कूली एवं उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने मिलकर उन्हें समस्याओं एवं पार्टी की गतिविधियों से अवगत कराया। नगर आगमन का निमंत्रण भी दिया। दोनों ने आश्वस्त किया है कार्यकर्ता को किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। इस दौरान मानसिग निषाद, धरम दास थद्वानी, फिरन सिंह, चिंताराम सिन्हा,लोकेश्वर यादव, तिहार सिंह ठाकुर उपस्थित थे।





# सिर्रीखुर्द में छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द के छात्र शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन सहित समाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली।

सभी ने नारा लगाते हुए ग्राम भ्रमण किया और मतदान करने लोगों जागरूक संदेश दिया। लोकतंत्र का भाग्य विधाता जागरूक मतदाता होता है इसलिए हमें अपने सारे काम छोड़कर मतदान करने जाना चाहिए क्योंकि मत देना अपना अधिकार है। हमें शत प्रतिशत मतदान करना चाहिए। संबंधित मतदाताओं को निर्धारित फार्म भर कर इसे सुधार करवाए जाने हेतु जागरूक करेंगे । इस दौरान शिक्षक खोमन सिन्हा , प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव ,घनश्याम कंवर, मंदाकिनी साहू निरूपा निषाद ,दुर्गेश विश्वकर्मा, पूर्णिमा सेन, सरोज सोनी ,हुलसिया निर्मलकर ,डिगेश्वरी साहू ,पद्मिनी साहू, प्रियांशु कंडरा, उपस्थित रहे।

## कथा श्रवण के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

# शिव महापुराण से गादीकोठ हुआ शिवमय





**छुरा।** नगर के गादीकोठ मे चल रही श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन कथाकार पं योगेश सुरेन्द्र प्रसाद दुबे ने सती चरित्र व शिव पार्वती विवाह का सुन्दर वर्णन किया। पं दुबे ने मां पार्वती के जन्म, कामदेव के भस्म होने और भगवान शिव द्वारा विवाह के लिए सहमत होने की कथा सुनाई।

नगर के वरिष्ठ सिया राम सिन्हा एवं परिजनो द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में कथाकार पं. दुबे ने श्रोताओं को सुनाते हुए कहा कि राजा दक्ष प्रजापति ने भगवान शंकर का अपमान करने के लिए महायज्ञ का आयोजन किया था। जिसमें उसने भगवान शिव को छोड़कर समस्त देवताओं को आमंत्रण भेजा था। भगवान शंकर के मना करने के बाद भी सती अपने पिता के यहां जाने की इच्छा जताई। भगवान शंकर ने बिना बुलाए जाने पर कष्ट का भागी बनने की बात कही। इसके बाद भी सती नहीं मानी और पिता के घर चली गई। पिता द्वारा भगवान शंकर के अपमान पर सती ने हवन कुंड में कूदकर खुद को अग्नि में समर्पित कर दिया। इसके बाद भगवान शंकर के दूतों ने यज्ञ स्थल को तहस-नहस कर दिया। माता सती के अग्नि में प्रवाहित होने के बाद तीनों लोकों को भगवान शिव के कोप भाजन का शिकार होना पड़ा। श्री शिव महापुराण कथा सुनने श्रद्धालुओ की भीड लग रही है। नगर के सिन्हा समाज एवं नगर वासियो का शिव महापुराण की कथा के आयोजन मे विशेष सहयोग बनाए हुए हैं।




